# कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़)

## ( आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग )

बीजापुर दिनांक 17 / 04 / 2026

क्रमांक / 121 / आ.वि. / 2026–27

**/ /विज्ञप्ति/ /**

जिला बीजापुर के इच्छुक अभ्यर्थियों को छ.ग. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग परीक्षा, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छ.ग. व्यापम के माध्यम से ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाम मूलक सफलता सुनिश्चित कराने हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का Walk in Interview आयोजित किया जाता है।

भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का Walk in Interview पद नाम के सम्मुख दर्शित तिथि को आयोजित किया जावेगा। इच्छुक एवं पात्र आर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे कार्यालय, बीजापुर कैरियर एकेड़मी जैतालूर रोड़ में उपस्थित होवे। रिक्त संविदा पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | पद का विषय | पदों की संख्या | Walk in Interview का दिनांक | प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | भाषा (सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी भाषा) एवं अन्य विषय | 01 (अनारक्षित) | 04.05.2026 | 50000.00 |
| 2 | निबंध (राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय और छत्तीसगढ़–विशिष्ट मुद्दे) करंट अफेयर्स, दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र एवं अन्य विषय | 01 (अनारक्षित) | 05.05.2026 | 50000.00 |
| 3 | इतिहास, भारतीय संविधान और लोक प्रशासन एवं अन्य विषय | 01 (अनारक्षित) | 06.05.2026 | 50000.00 |
| 4 | विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण एवं अन्य विषय | 01 (अनारक्षित) | 07.05.2026 | 50000.00 |
| 5 | अर्थशास्त्र और भूगोल एवं अन्य विषय | 01 (अनारक्षित) | 08.05.2026 | 50000.00 |
| 6 | गणित और तार्किक तर्क (Logical Reasoning) एवं सी–सेट | 01 (अनारक्षित) | 11.05.2026 | 50000.00 |

**<u>अनिवार्य अर्हता</u> –**

1. अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**<u>अंको की गणना</u> –** चयन सूची निम्न आधार पर तैयार की जावेगी :–

1. हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्राप्त अंको का 20 प्रतिशत।
2. स्नातक परीक्षा में प्राप्त अंको का 30 प्रतिशत।
3. CGPSC प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को 05 अंक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को 10 अंक।

4. UPSC प्रारंभिक परीक्षा/मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को 10 अंक।
5. CGPSC, व्यापम, बैंकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती परीक्षाओं एवं अन्य परीक्षा के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में न्यूनतम 02 वर्ष अध्यापन कार्य के अनुभव प्राप्त अभ्यर्थी को 05 अंक।
6. Walk in Interview में साक्षात्कार के 25 अंक।

**नियम व शर्ते :-**

1. Walk in Interview के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. **Walk in Interview हेतु आवेदनों का पंजीयन निर्धारित तिथि को प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक किया जावेगा। निर्धारित समय के पश्चात पंजीयन हेतु आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।**
3. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेंगे।
4. साक्षात्कार तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
5. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
6. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नहीं दी जावेगी।
7. संविदा मानदेय :- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
8. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
9. यह संविदा नियुक्ति 31.03.2027 की अवधि तक के लिए मान्य होगी। न्युनतम 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम एवं चयन, कार्यदक्षता, कार्यक्षमता, आचरण के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
10. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
11. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है। इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
12. संविदा शिक्षकों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
13. कक्षाएं संचालित किये जाने के संबंध में जिला स्तर से SOP तैयार किया जावेगा, जिसके आधार पर कक्षाएं संचालित होगी।
14. **संविदा शिक्षकों के द्वारा मध्य मई-सितम्बर 2026 तक कुल 05 माह मुख्य परीक्षा की तैयारी, अक्टूबर-मध्य फरवरी 2027 तक कुल 05 माह प्रारंभिक परीक्षा की तैयार एवं मध्य फरवरी-मार्च 2027 कुल लगभग 02 माह पुनः मुख्य परीक्षा की तैयारी प्रशिक्षणार्थियों को करवाना होगा।**

15. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम–शर्ते बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।
16. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति को होगा।

**(अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास बीजापुर**

पृ.क्रमांक / 122 /आ.वि./2026–27 बीजापुर दिनांक 17/04/2026

प्रतिलिपि :–

01. कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर को सूचनार्थ।
03. अपर कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
04. सहायक संचालक, जनसम्पर्क कार्यालय जिला बीजापुर की ओर सूचनार्थ एवं व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।
05. NIC बीजापुर की ओर सूचनार्थ। विज्ञप्ति को जिले के पोर्टल में अपलोड करने का कष्ठ करेंगे।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास बीजापुर**

# कार्यालय बीजापुर कैरियर एकेडमी, जिला–बीजापुर (छ.ग.)

**CGPSC,** व्यापम, बैंकिग, एस.एस.सी., रेलवे भर्ती परीक्षा के कोचिंग संस्थान में अध्यापन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें**

आवेदित पद का नाम एवं विषय – ..........................................

1. **आवेदक का नाम (हिन्दी में)** – ..........................................

   **(अंग्रेजी मे)** – ..........................................

2. पिता/पति का नाम – ..........................................

3. जन्मतिथि अंको में* – ..........................................

   (शब्दो में) * – ..........................................

4. आयु दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में ..........दिन..........माह..........वर्ष

5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐

6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है* – हॉ ☐ नहीं ☐ हॉ तो जिला का नाम– बीजापुर

7. **शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –**

| क्र. | परीक्षा का नाम | शिक्षा माध्यम हिन्दी/ अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 12वीं | | | | | | | |
| 2 | स्नातक | | | | | | | |
| 3 | स्नाकोत्तर | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |

8. UPSC/CGPSC, **प्रारंभिक एवं मुख्य परिक्षा उत्तीर्ण होने का विवरण*–**

| क्र. | परीक्षा का नाम | वर्ष | अनुकमांक/रोल नं. | अंतिम परीक्षा परिणाम | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |

**9. CGPSC, व्यापम, बैंकिग, एस.एस.सी., रेलवे भर्ती परीक्षा के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में अध्यापन कार्य के अनुभव का विवरण*–**

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/ प्रतिष्ठान का नाम जहाँ अध्यापन कार्य किया/कर रहे हैं | पढाये जाने वाले विषय | कुल अनुभव (माह में) | आपके द्वारा पढाये गये छात्रो में परीक्षाओं में चयनित छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |

**टीप :–** आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी। जॉच में किसी भी प्रकार की गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे। आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी/पत्राचार/ई–मेल/SMS के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं WhatsApp मोबाईल नंबर अंकित करें।

**10. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता*** ..........................................................................

..........................................................................

**जिले का नाम–**.............................**पिन कोड–**.............................

**मोबाईल नंबर**..........................................................

**ई मेल आई.डी**..........................................................

11. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक योग्यताएँ हैं– हॉ ☐ नहीं ☐

12. जाति (अजजा/अजा/अपिव/अना)' –..........................................................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची' –

1..........................................................................

2..........................................................................

3..........................................................................

4..........................................................................

5..........................................................................

6..........................................................................

**समस्त * बिन्दुओं की जानकारी के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र/परीक्षाओं के वांछित दस्तावेज/प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में अध्यापन कार्य के अनुभव का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें।**

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम** .............................

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉ पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :– .............................

दिनांक :– .............................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

पूरा नाम .............................